मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 89
बुधवार, 09 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबकः अमित शाह

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है।

भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी।



उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चाहे केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी जी का चुनकर आना हो या हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार का बनना, यह दशार्ता है कि भारतीय राजनीति में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रदर्शन की राजनीति के नए युग की शुरूआत की है, उसमें जनता का अटूट विश्वास है।पहले लोकसभा चुनाव में और अब हरियाणा में, वोट लेने के लिए झूठे और हवाई वादे करने वाली कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और जमीन पर डिलीवर करने वाली भाजपा के साथ जनता चट्टान की तरह खड़ी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की यह निरंतर विजय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी नीतियों पर जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश दशार्ता है कि कांग्रेस की विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति को हरियाणा की जनता ने सिरे से नकारा है। प्रदेश में पहली बार किसी राजनीतिक दल ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत की हैट्रिक मोदी जी के जनकल्याण, विकास और सुशासन को जनता का प्रचंड समर्थन है।

## बांग्लादेश के तस्करों ने बीएसएफ के जवान पर किया हमला, कार्रवाई में एक घुसपैठिया ढेर

**त्रिपुरा, 08 अक्टूबर।** त्रिपुरा में सालपोकर के सीमावर्ती इलाकों में सोमवार को भारतीय सीमा में अपने साथियों के साथ घुसपैठ करने वाले एक बांग्लादेशी तस्कर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में ढेर कर दिया। त्रिपुरा के सालपोकर के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ करने के बाद मारा गया। उन्होंने बताया कि धारदार हथियारों से लैस बांग्लादेशी तस्करों ने भारत में प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी करने की कोशिश की। सूत्रों ने बताया कि समूह में 12 से 15 तस्कर शामिल थे और यह घटना शाम करीब छह बजे त्रिपुरा के गोकुल नगर के सालपोकर में हुई। उन्होंने बताया कि ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ कर्मियों ने



घुसपैठियों को देखा और अन्य जवानों को बुलाया, तभी उनमें से एक को काबू कर लिया गया और समूह ने उस पर हमला कर दिया। सूत्रों ने बताया कि करीब 40 मीटर की दूरी से हवा में एक राउंड फायरिंग की गई, जिसके बाद इनमें से कुछ बदमाश वापस बांग्लादेश भाग गए। हालांकि, अन्य लोगों ने एक बीएसएफ जवान को घेर लिया और उस पर तेज धार वाले हथियार (दाह) से हमला किया और उसे पकड़ लिया, जिससे वह नीचे गिर गया। सूत्रों ने बताया कि खतरे को भांपते हुए और अपनी जान बचाने के लिए जवान ने अपने सर्विस हथियार से दो राउंड फायरिंग की जिसके बाद अन्य बदमाश बांग्लादेश भाग गए। उन्होंने बताया कि इलाके की जांच करने पर एक बांग्लादेशी तस्कर मृत पाया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हाथापाई में बीएसएफ जवान की राइफल का बट क्षतिग्रस्त हो गया और उनके बाएं हाथ पर कट, गर्दन पर चोट और अंदरूनी चोटें आईं।

## बाबा विश्वनाथ के स्पर्श दर्शन पर रोक, अगले आदेश तक झांकी दर्शन ही होंगे

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** बाबा श्री काशी विश्वनाथ धाम में अब स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गयी है। दर्शन की नई व्यवस्था अगले आदेश तक लागू की गई है। मंदिर में भक्तों की भीड़ के बाद व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है। भक्तों को अब बाबा के दर्शन अरघा लगा कर या फिर झांकी दर्शन से ही होंगे। बता दें कि बाबा के दरबार में बीती रात सप्तऋषि व श्रृंगार आरती के मध्य गर्भगृह का कपाट सफाई के लिए खोला गया। भक्तों की संख्या ज्यादा होने से व्यवस्था बिगड़ गई। कई भक्त असंतुलित होकर गिर गए और इसका लाइव प्रसारण भी कैद हो गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए मंदिर प्रशासन ने अगले आदेश तक नई



व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में देर शाम श्रद्धालुओं की भीड़ बेकाबू हो गई। हालत यह थी कि भीड़ के दबाव के कारण दो श्रद्धालु अरघे में गिर गए। पूरा दृश्य श्री काशी विश्वनाथ धाम के लाइव प्रसारण में भी कैद हो गया। इसे देश ही नहीं दुनिया भर के श्रद्धालुओं ने भी देखा ओर इसका वीडियो भी वायरल हुआ। सोमवार शाम को सप्तर्षि आरती के बाद गर्भगृह में श्रद्धालुओं को स्पर्श दर्शन के लिए प्रवेश दिया गया। हालांकि मंदिर प्रशासन इस प्रकरण में संबंधित दोषी कर्मचारियों, अधिकारियों को चिन्हित कर उन के विरुद्ध कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## हरियाणा के नतीजे लोकतंत्र की हारः पवन खेड़ा

**हरियाणा, 08 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अब जबरदस्त तरीके से सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग पर सवाल खड़े कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा है कि यह नतीजा उसे स्वीकार नहीं है। हरियाणा में तंत्र की जीत हुई है। लोकतंत्र हार गया है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों से जो शिकायती आ रही है, उसे हम चुनाव आयोग तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि नतीजे पूरी तरह अप्रत्याशित हैं और हम तो यहां तक कहेंगे कि ये अस्वीकार्य हैं। खेड़ा ने दावा किया कि हमारे प्रत्याशी के बारे में तीन जिलों, हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत से लगातार शिकायतें आ रही हैं।

### बोले- यह सिस्टम की जीत है, नतीजा स्वीकार नहीं



लगातार शिकायतें आ रही हैं कि कैसे कुछ मशीनों की बैटरियां जो 99% थीं उनमें हमें हारते हुए दिखाया गया और जिन मशीनों को छुआ तक नहीं गया, जिनकी बैटरियां 60-70% थीं उनमें हमारे उम्मीदवार को जीतता हुआ दिखाया गया। उन्होंने कहा कि अगर एक लाइन में कहा जाए तो ये सिस्टम की जीत और लोकतंत्र की हार है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम शिकायतें एकत्र कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे उम्मीदवारों ने वहां के रिटर्निंग ऑफिसर्स को शिकायतें दी हैं और अब भी दे रहे हैं। आने वाले दिनों में हम जल्द ही इन सभी शिकायतों को लेकर चुनाव आयोग जाएंगे और वहां अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। इस तरह का परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आया। किसी को यकीन नहीं हो रहा कि हरियाणा में इतना अप्रत्याशित परिणाम आएगा। हम सब हैरान हैं। पार्टी सांसद जयराम रमेश ने कहा कि हरियाणा में नतीजे पूरी तरह से अप्रत्याशित, पूरी तरह से आश्चर्यजनक और उलटे हैं। यह जमीनी हकीकत के विपरीत है। रमेश ने कहा कि यह उस चीज के खिलाफ है जिसके लिए हरियाणा के लोगों ने अपना मन बना लिया था, जो परिवर्तन और परिवर्तन के लिए था। मुझे लगता है कि इन परिस्थितियों में हमारे लिए आज घोषित नतीजों को स्वीकार करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें कम से कम तीन जिलों में मतगणना की प्रक्रिया, ईवीएम की कार्यप्रणाली पर बहुत गंभीर शिकायतें मिली हैं। और भी बहुत कुछ आ रहा है। हमने हरियाणा में अपने वरिष्ठ सहयोगियों से बात की है और यह जानकारी एकत्र की जा रही है। हमें उम्मीद है कि हम इसे कल या परसों चुनाव आयोग के समक्ष समेकित रूप में प्रस्तुत करेंगे। हम समय मांगेंगे। हमारे उम्मीदवारों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।' हम इसे चुनाव आयोग के संज्ञान में लाएंगे और आज हमने हरियाणा में जो देखा वह हेरफेर की जीत है, लोगों की इच्छा को नष्ट करने की जीत है और यह पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की हार है।

## जाति जनगणना रिपोर्ट को लेकर हमलावर हुई बीजेपी, सिद्धारमैया की मंशा पर उठाए सवाल

**कर्नाटक।** कर्नाटक में चल रहे जाति जनगणना विवाद को लेकर राज्य प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने इसे कैबिनेट में पेश करने के कदम की आलोचना की। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर अपने मुख्यमंत्री पद की रक्षा के लिए इसे जल्दबाजी में आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने सिद्धारमैया की मंशा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने रिपोर्ट में खामियां स्वीकार की हैं। विजयेंद्र ने सुझाव दिया कि जनगणना के लिए मुख्यमंत्री का दबाव उनके प्रशासन और संभावित घोटालों के बारे में बढ़ती चिंताओं से जनता का ध्यान भटकाने का एक हताश प्रयास था। उन्होंने दावा किया कि सिद्धारमैया सत्ता में बने रहने के लिए विवादों में इतने उलझे हुए हैं। मुझे लगता है कि सिद्धारमैया लंबे समय तक अपना मुख्यमंत्री पद बरकरार नहीं रख सकते। उन्होंने आगे कहा कि आरोपों और दबाव का सामना कर रहे सिद्धारमैया अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने के लिए जाति जनगणना को 'ब्रह्मास्त्र' या आखिरी हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने जाति जनगणना का बचाव करते हुए कहा कि यह वर्षों से चल रही प्रक्रिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है, और डेटा के आधार पर निर्णय लेना सरकार पर निर्भर है। परमेश्वर ने आग्रह किया कि राजनीति करने के बजाय, सभी को निष्कर्षों से सच्चाई सामने आने देनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य जनगणना की वास्तविकताओं के आधार पर सरकारी कार्यक्रमों को आकार देना है।

## काशी के हस्तशिल्प मेले में दिखेगा भारतीय उत्पादों की बेजोड़ हुनर

- **11 से 29 अक्टूबर तक चलेगा हस्तशिल्प मेला, 100 से अधिक लगेंगे स्टॉल्स**
- **मेले में पंजाब, राजस्थान, खुर्जा, उत्तराखंड, कश्मीर, भदोही, पटियाला, मुरादाबाद के अलावा अन्य शहरों के हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध होंगे : अमन**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** काशी में लगने वाले हस्तशिल्प मेले की तैयारियां अंतिम दौर में है। खास यह है कि काशी की सबसे प्रसिद्ध हस्तशिल्प मेले में इस बार देश के विभिन्न राज्यों के न सिर्फ भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, बल्कि हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा हाड़तोड़ मेहनत से तैयार की गयी विभिन्न उत्पाद भी



देखने को मिलेगी। चौकाघाट के मकबूल आलम रोड स्थित सांस्कृतिक संकुल मैदान में 11 से 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस हस्तशिल्प मेले में 100 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे, जिनमें बेहतरीन किस्म की हजारों हाथ से बनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा.

बता दे, काशीवासियों को इस प्रदर्शनी का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। इस मेले में काशीवासी न सिर्फ गरम कपड़ों की खरीदारी करते है, बल्कि रोजमर्रा के जरुरतों के सामानों की भी काफी रियायती दर पर खरीदने का उन्हें मौका मिलता है। यही वजह है कि हर किसी को इस प्रदर्शनी का इंतजार रहता है। मेला संयोजक अमन दीप शर्मा एवं उस्मान मलिक ने बताया कि मेला प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलेगा। अमन ने बताया कि ये सभी सामान भारत की हस्तशिल्प और हस्तकलाओं की शानदार परंपरा की झलक दिखाने वाले होंगे।

मेले में फर्नीचर, घर सजावट की चीजें, कपड़े, ऑर्गेनिक बॉडी केयर प्रॉडक्ट्स, पत्थर और धातुओं की बनी कलाकृतियां, ऐक्सेसरीज और गिफ्ट आइटम्स जैसी चीजों के अलावा पंजाब की फुलकारी शूट, हरियाणा की मोजड़ी जूती, राजस्थान की मीनाकारी ज्वैलरी, दिल्ली का लेदर बैग, सोफा व बेड आदि, खुर्जा की क्राकरी, उत्तराखंड की सदरी, कश्मीर के सूट व शॉल, भदोही की कालीन, सहारनपुर की फर्नीचर, पटियाला की जूती, मुरादाबादी कंबल, बनारसी सूट एवं साड़ी, बंगाल का कांथा वर्क, गुजराती सूट, पंजाब की चुन्नी, बंगाल का जूट बैग, कानपुर का लेदर, झारखंड का डोकरा आर्ट, राजस्थान ब्लॉक प्रिंट कुर्ती, हरियाणा के पर्दे, आंध्रा का क्रोशिया वर्क, भागलपुर की सिल्क साड़ी, तमिलनाडु की सीप ज्वेलरी, राजस्थानी जूती सहित अन्य हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध होंगे।

अमन ने बताया कि इस बार काशी की जनता के अनुरुप दशहरा और दीपावली के मद्देनजर ढेर सारी काफी कम कीमत व आवश्यक वस्तुएं मेले में उपलब्ध कराएं जायेंगे। मेले का उद्घाटन अम्बरीश सिंह भोला 11 अक्टूबर को शाम 6:00 करेंगे। मेले में 100 से अधिक स्टॉल्स लगाए जायेंगे। मेले की तैयारियां भी पूरी कर ली गयी है।




## असम में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाला मामलों की जांच सीबीआई ने संभाली

**गुवाहाटी, 08 अक्टूबर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे राज्य भर में दर्ज ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के 41 मामलों की जांच आधिकारिक तौर पर संभाल ली है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ऑनलाइन शेयर कारोबारघोटाले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए, हमने भारत सरकार से सभी 41 पंजीकृत मामलों को औपचारिक रूप से सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था। राज्य के मुख्यमंत्री शर्मा के पास राज्य का गृह प्रभार भी है। उन्होंने कहा, सीबीआई आधिकारिक रूप से इस मामले को अपने हाथ में ले रही है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी कि जल्द से जल्द न्याय मिले। राज्य में ऑनलाइन कारोबार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रकाश में आया था, जब 29 वर्षीय दीपांकर बर्मन की कंपनी में भारी मात्रा में धन लगाने वाले निवेशकों ने शिकायत की कि उसने उन्हें उचित रिटर्न नहीं दिया है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। वह फिलहाल फरार है। शर्मा ने कहा था कि असम मंत्रिमंडल ने सितंबर में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले



के संबंध में तब तक दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव रवि कोटा ने भी इस मामले पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से चर्चा की, जिन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी मामलों को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी। कई कंपनियों ने कथित तौर पर राज्य भर के लोगों से इस वादे पर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाये कि उन्हें शेयर बाजारों में निवेश करके भारी रिटर्न मिलेगा। इन कंपनियों के प्रवर्तक में से ज्यादातर युवा हैं।

हालांकि, पिछले कुछ महीनों में ये कंपनियां निवेशकों को रिटर्न चुकाने में विफल होने लगीं।

घोटाले के सिलसिले में अब तक 65 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत जिलों में दर्ज मामलों की जांच के लिए 14 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किये गए हैं।

# पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



-ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वही पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरें पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। पत्रकार देश की राजनीति, सरकारों और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें।

यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है। राजनेता सत्ता की सुविधा के लिये मनमाफिक प्रचार तो चाहते हैं, लेकिन अपने दागों, भ्रष्ट आचरण एवं गलत नीतियों से जुड़े सच को सात पर्दों में रखना चाहते हैं।

निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक पत्रकार एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि ह्यन खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।ह्ण उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

पत्रकार कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच पत्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक आजाद एवं जीवंत प्रेस के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।

आज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नजमी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नजमी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं।ह्ण प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, ह्यडर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है। महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यही काम सुप्रीम कोर्ट ने किया है, जो पत्रकारों के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आह्वान हैं। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लहूलुहान करना और उसे जंजीरों में जकड़ने की कोशिशें करना विडम्बनापूर्ण है। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में कैसे भरेगी कलम उड़ान! यही सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता है, जिसे सत्ताधीशों को समझना होगा।

# बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई ......



अशोक भाटिया

1974 में बनी हिन्दी भाषा की फिल्म मनोज कुमार और अमिताभ बच्चन अभिनीत 'रोटी कपड़ा और मकान' का यह गीत गुजरे जमाने में काफी पसंद किया गया था जिसमें सन्देश था कि बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई ...... गीत कहता है आदमी आपस की लड़ाई, जुदाई, तन्हाई, खुदाई में परेशान है। ऐसे में उसे अंत में महंगाई का दंश झेलना पड़ता है। आज यही सब कुछ हो रहा है । राजनैतिक दल आपसी लड़ाई में व्यस्त है । देश हर 2-3 महीने में चुनाव होते रहते है । सभी नेता लोग अपनी ढ़ अपनी डफली अपना ढ़ अपना राग लेकर चुनावी समर में उतर जाते है व आम लोगों की मूल समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता । किलों में बिकने वाली सब्जिया आज उसी भाव में एक पाव में बिक रही है ।लोग थैला लेकर सब्जियां लेने जाते है व खाली थैला लेकर घर वापस आ जाते है । इस हालात पर पाकिस्तानी कलाकार उमर शरीफ के एक पुराने नाटक का एक डायलाग याद आता है जब कलाकार उमर बाजार खरीदी करने गया और लौट के घर आया तब बीबी पूछती है क्या लेकर आए हो तब उन का जवाब होता है , बेगम में तो भाव देख कर ऐसे ही घर आ गया बस ह्यखाली थैला लेकू गया था और खाली थैला ही लेकर लोटा हूँ । अब वो पुरानी सभी डायलोग सच होते जा रहे है।

दरअसल इस समय देश में महंगाई की मार से आम जनता परेशान है। सब्जियों के दाम में भी कमी और उछाल का दौर जारी है। चावलों के दाम बढ़ने के बाद सरकार ने चावलों के निर्यात पर बैन लगा दिया था। जिसके बाद चावल की कीमत तो नियंत्रण में आ गई। लेकिन अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं। अभी तक लगातार बरसात के चलते दाल, राजमा, मटर जैसी चीजों के दाम में उछाल जारी है फुटकर में टमाटर 120 रुपये प्रति किलो और हरी मिर्च 150 रुपये प्रति किलो तक बिक रहे हैं। भिंडी, अरबी, तोरई, बैंगन 80 रुपये किलो पर पहुंच गए हैं। लौकी 100 रुपये किलो है। लहसुन देसी 400 के पार हो गया है।अधिकतर हरी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। कुछ सब्जियां क्षेत्र के हिसाब से भी महंगी हैं।

वैसे देखा जाय तो केवल भारत में ही नहीं दुनिया भर में जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है वो किसी से छुपी नहीं है। बढ़ती कीमतों ने लोगों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा समाज के गरीब तबके को उठाना पड़ रहा है इस पर संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन (यूएनसीटीडी) द्वारा जारी ताजा विश्लेषण से पता चला है कि खाद्य कीमतों में जब 10 फीसदी के उछाल से, निर्धन परिवारों की आय में 5 फीसदी की गिरावट देखी जाती है। देखा जाए तो यह राशि इतनी है जितनी वो परिवार आमतौर पर अपनी स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी जरूरतों पर खर्च करता है। यूएनसीटीडी के अनुसार दुनिया भर में तेजी से आसमान छूती महंगाई और बढ़ता कर्ज बड़ी समस्या बन चुका है। इसके साथ-साथ खाद्य पदार्थों और ऊर्जा साधनों की बढ़ती कीमतों के चलते करोड़ों लोग जीवन यापन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। दो साल तक महामारी जूझने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी तब से खराब चल रही है।

ऊपर से यूक्रेन तथा इजराइल के जारी युद्ध और जलवायु में आते बदलावों ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। आंकड़ों की मानें तो आज 60 फीसदी मजदूरों की वास्तविक आय महामारी से पहले की तुलना में कम है। इतना ही नहीं दुनिया के 60 देशों में सबसे कमजोर देश कर्ज के दलदल में फंसे हुए हैं। अनुमान है कि अफ्रीका में 5.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बस थोड़ा ऊपर हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर 410 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट ह्यद स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्डह्ण से पता चला है कि 2021 में करीब 82.8 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार थे। यह आंकड़ा कितना विशाल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह भारत की करीब 59 फीसदी आबादी के बराबर है।

वहीं 230 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। जिन लोगों को खाना मिल भी रहा है उनकी स्थिति भी कोई खास अच्छी नहीं है। पता चला है कि स्वस्थ आहार दुनिया में 310 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है।देखा जाए तो एफएओ द्वारा जारी फूड प्राइस इंडेक्स करीब-करीब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है और पिछले साल की तुलना में इस समय 20.8 फीसदी ज्यादा है। वहीं हाल ऊर्जा क्षेत्र का भी है। जहां कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। वहीं ऊर्जा कीमतों में भी 2021 की तुलना में इस साल 50 फीसदी वृद्धि की आशंका है। ऐसा ही कुछ उर्वरकों के साथ भी हो रहा है जिनकी कीमतें 2000 से 2020 के औसत की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हो चुकी हैं।

देखा जाए तो एशिया और अफ्रीका में रहने वाले 9 करोड़ लोग, जो पहले बिजली इस्तेमाल कर रहे थे अब स्थिति यह है वो अपनी ऊर्जा सम्बन्धी बुनियादी जरूरतों का भुगतान नहीं कर सकते हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते हर साल करीब 2 करोड़ लोगों को मजबूरी में विस्थापित होना पड़ रहा है। अनुमान है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 41.6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है नतीजन इसका असर न केवल खाद्य उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर पड़ रहा है साथ ही उत्पादन में भी गिरावट आ रही है। यह सब कुछ वहीं तक ही सीमित नहीं रहेगा, इसका असर अगले सीजन में भी बढ़ी कीमतों के रूप में सामने आएगा।यदि आम लोगों के जनजीवन पर पड़ते असर की बात करें तो बढ़ती महंगाई का मतलब है कि खाद्य उत्पादों और ऊर्जा कीमतों में इजाफा आ जाएगा, जिसका असर लोगों की वास्तविक आय पर पड़ेगा। उनके रहनसहन के स्तर में गिरावट आ जाएगी, जो अपने चलकर उनके भविष्य की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगा।

अनुमान है कि इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ेगा। इसकी वजह से सामाजिक रुपरेखा में जो दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगें वो चिंताजनक हैं। बढ़ती गरीबी से लेकर असमानता की खाई कहीं ज्यादा गहरी हो जाएगी। शिक्षा के स्तर और उत्पादकता में गिरावट आ जाएगी, साथ ही लोगों की मजदूरी भी कम हो जाएगी। इसका असर सरकारों की इस तरह के संकटों से निपटने की क्षमता पर भी पड़ेगा जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है इस स्थिति से निपटने के लिए जहां कुछ परिवारों को अपने भोजन की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ सकता है। वहीं बच्चों को शिक्षा से वंचित होने से लेकर स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चों के साथ समझौता करना पड़ रहा है। ऐसे में जब परिवार अपने खर्चों में कटौती करने की कोशिश करेंगें तो वो सस्ते उत्पादों की तरफ जाएगें, जिनकी गुणवत्ता उतनी बेहतर नहीं होगी। नतीजन यह उन्हें आगे चलकर कहीं ज्यादा महंगा पड़ेगा।

इस मामले में यूएनसीटीडी की महासचिव रिबेका ग्रिन्सपैन का उपभोक्ता संरक्षण पर हाल में हुई बैठक में कहना था कि सरकारों को अपने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए दीर्घकालीन मिशन को जारी रखने की जरुरत है। संगठन का कहना है कि एक तरफ विकसित देश हैं जिन्होंने अपने उत्पाद सुरक्षा ढांचें को मजबूत किया है। इसके लिए उन्होंने कानून उनके क्रियान्वयन, उत्पादों को वापस लेना सहित संचार अभियान जैसे उपायों को शामिल किया है वहीं दूसरी तरफ विकासशील देशों में इससे लेकर मौजूदा प्रणालियां जर्जर अवस्था में हैं, जो असुरक्षित उत्पादों के अभिशाप को नियंत्रित करने में असमर्थ रही हैं।

ज्यादा दुखद यह है कि देश के लगभग सभी राजनैतिक दलों के छोटे से लेकर बड़े नेता सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए आम जनता का ध्यान भी इन्हीं चीजों की तरफ केन्द्रित करने के प्रयास करते हैं। कैश क्राप्स की कीमत प्रतिदिन सब्जी मंडियों में आने वाली सब्जी की आवक पर निर्भर करती है जिसका सीधा सम्बन्ध किसान से होता है। किसान के खेत में जितनी उपज होती है वह दैनिक आधार पर मंडी में ले आता है और उस उपज को देखते हुए उस सब्जी या फल के दाम नियत हो जाते हैं। यहां से माल खुदरा बाजार में जाता है और प्रत्येक खुदरा कारोबारी के लाभ के अनुसार उसके दाम बढ़ते जाते हैं। लेकिन असली महंगाई स्थायी उपजों जैसे गेहूं, आटा, चावल, दाल, चीनी, तेल, गुड़ , मसालों, दूध, दही, घी आदि की होती है। उत्तर भारत के गांवों में एक कहावत बहुत प्रचलित हुआ करती थी कि यदि ह्यगेहूं महंगा तो सब महंगाह्ण। मगर यह संरक्षणात्मक अर्थव्यवस्था के दौर की कहानी है। पिछले तीन दशकों में भारत बहुत बदला है और इसकी अर्थव्यवस्था के मूल मानकों में भारी परिवर्तन आया है। सेवा क्षेत्र का हिस्सा सकल विकास उत्पाद में लगातार बढ़ रहा है। औद्योगिक व उत्पादन क्षेत्र का अंश भी बढ़ रहा है। अतः हमें लोहों से लेकर सीमेंट व अन्य धातुओं के साथ औषधि क्षेत्र व घरेलू टिकाई उपकरणों ( बिजली उत्पादों समेत) के उत्पादों की महंगाई की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इन सभी उत्पादों की कीमत बढ़ने का सीधा असर उपभोक्ता सामग्रियों पर पड़ता है।

अर्थात अब अर्थव्यवस्था के समीकरण बदलने लगे हैं। भविष्य में यह चलन और गहरा होगा क्योंकि भारत तरक्की की राह पर चल रहा है और डिजिटल दौर में प्रवेश कर चुका है। अब जाकर हमें अपनी अर्थव्यवस्था के आधारभूत मानकों की तरफ देखना होगा जिनकी वजह से महंगाई पर लगाम कसे जाने की संभावनाएं पैदा होंगी। औद्योगिक उत्पादन से लेकर यदि टिकाऊ घरेलू उपभोक्ता सामग्री का उत्पादन बढ़ रहा है तो हमें ज्यादा फिक्र करने की जरूरत नहीं है और यदि सेवा (पर्यटन समेत) क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है तो सोने पर सुहागा। ये दोनों कारक अब मांग में वृद्धि और उसके वितरण के वाहक होते हैं। बाजार मूलक अर्थव्यवस्था को मोटे तौर पर इसमें भी समझा जा सकता है। परन्तु गैस सिलेंडर से लेकर पेट्रोल व डीजल के दाम इस बात पर निर्भर करते हैं कि सरकारें इनके मूल दामों में किस हद तक उत्पादन शुल्क या बिक्री कर ( वैट) के मामले में समझौता करने को तैयार होती हैं। मगर यह इस बात पर निर्भर करता है कि सरकारों की आमदनी अन्य उत्पादनशील मदों से किस हद तक होती है।

# जीवन चक्र और शक्ति को दशोता है गरबा

-सुरेश गांधी



आदिशक्ति मां अंबे और दुर्गा की आराधना पर्व नवरात्र सिर्फ अच्छाई की बुराई पर जीत का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति में एकता के प्रतीक के रूप में भी मनाते हैं। देखा जाए तो भक्त इस त्योहार को सिर्फ मां की पूजा करके ही नहीं मनाते, बल्कि पारंपरिक और रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर लोक गीत गाकर गरबा और डांडिया भी खेलते हैं। पारंपरिक और रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे-धजे बच्चे, युवा, बड़े और बुजुर्ग एक अलग ही अंदाज को प्रस्तुत करते है। इसीलिए घट स्थापना के बाद ही इस नृत्य का आरंभ होता है। गरबा नृत्य में ताली, चुटकी, खंजरी, डंडा मंजीरा आदि का ताल देने के लिए प्रयोग किया जाता है। कहते है लयबद्ध ताल से देवी दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है। जहां भक्तिपूर्ण गीतों से मां को उनके ध्यान से जगाने का प्रयास किया जाता है ताकि उनकी कृपा हर किसी पर बनी रहे। पहले देवी के समीप छिद्र वाले घट में दीप ले जाने के क्रम में यह नृत्य होता था। हालांकि यह परिपाटी आज भी है लेकिन मिट्टी के घट या गरबी की शक्ल अब स्टील और पीतल ने ले ली है। जहां तक नवरात्र में ही गरबा या डांडिया करने की प्रथा का सवाल है तो इसके पीछे मान्यता है कि कुंभ हिंदू धर्म के सांस्कृतिक मानस में स्थूल देह का प्रतीक है। ह्यफूटा कुंभ जल जलहि समाना। अर्थात भक्त रुपी कुंभ एवं गुरु रुपी वह कुम्हार जो गढ़ि-गढ़ि काढ़े खोट. यानी अपने भीतर छिपे खोट को ढूढ़ निकाले। इसीलिए नवरात्रि के समय कुंभ के भीतर दीप रखकर उसके गिर्द गरबा करने का रिवाज है। क्योंकि दीपशिखा हमेशा ऊपर उठती है। जबकि चेतना का भी यही गुण धर्म है। देह के भीतर चेतना उर्ध्वगामी हो, वह मूलाधार में ही न रहे, सहस्नर तक पहुंचे, सारी सृष्टि को आत्मवत पहचाने! यही वजह है हर गरबा या डांडिया नाईट में काफी सजे हुए घट दिखायी देते हैं। जिस पर दिया जलाकर इस नृत्य का आरंभ किया जाता है। यह घट दीपगर्भ कहलाता है और दीपगर्भ ही गरबा कहलाता है। देवी के सम्मान में भक्ति प्रदर्शन के रूप में गरबा, आरती से पहले किया जाता है और डांडिया समारोह उसके बाद। बता दें, नवरात्रि के पर्व में मिट्टी के मटके में दीप प्रज्वलित करते हैं, जिसे गरबी कहते हैं. इस मटके को मां दुर्गा की शक्ति और ऊर्जा का रूप मान जाता है. इसके चारों तरफ घेरा बनाकर लोग नृत्य करते हैं. जो जीवन चक्र और शक्ति को दशार्ता है. गरबा नृत्य मां के लोकप्रिय गीतों पर किया जाता है. जबकि डांडिया को देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच हुई लड़ाई का प्रतीक माना जाता है. डांडिया में इस्तेमाल की जाने वाली छड़ी को मां दुर्गा की तलवार कहते हैं, जो बुराई का विनाशक प्रतीक है.

**मां और महिषासुर के बीच लड़ाई का मंचन है डांडिया**

गरबा और डांडिया को मां और महिषासुर के बीच हुई लड़ाई का नाटकीय रूपांतर माना जाता है। इसीलिए इस नृत्य में इस्तेमाल की जाने वाली डांडिया स्टीक को मां दुर्गा की तलवार के रूप में माना जाता है। यही कारण है कि इस नृत्य को डांडिया के नाम से भी जाना जाता है। यही वजह है कि डांडिया के लिए रंग-बिरंगी लकड़ी की स्टीक्स, चमकते लहंगे और कढ़े हुए ब्लाउज व कदमों को थिरकाने वाले संगीत की जरूरत पड़ती है। इस नृत्य में सिर के उपर पारंपरिक रूप से सजाए गए मिट्टी बर्तन (गरबी) रखकर प्रदर्शित किया जाता है। गरबा का संस्कृत नाम गर्भ-द्वीप है। गरबा के आरंभ में देवी के निकट सछिद्र कच्चे घट को फूलों से सजा कर उसमें दीपक प्रज्वलित किया जाता है, जो ज्ञान रूपी प्रकाश का अज्ञान रूपी अंधेरे के भीतर फैलाने प्रतीक माना जाता है। इस दीप को ही दीपगर्भ या गर्भ दीप कहा जाता है। यही शब्द अपभ्रंश होते-होते गरबा बन गया। इस गर्भ दीप के ऊपर एक नारियल रखा जाता है। नवरात्र की पहली रात्री गरबा की स्थापना कर उसमें ज्योति प्रज्वलित की जाती है। इसके बाद महिलाएं इसके चारों ओर ताली बजाते हुए फेरे लगाती हैं। गरबा नृत्य में ताली, चुटकी, खंजरी, डंडा या डांडिया और मंजीरा आदि का इस्तेमाल ताल देने के लिए किया जाता है। महिलाएं समूह में मिलकर नृत्य करती हैं। इस दौरान देवी के गीत गाए जाते हैं।

**सौभाग्य का भी प्रतीक है गरबा**

गरबा को सौभाग्य का भी प्रतीक माना जाता है। इसीलिए महिलाएं नवरात्र में गरबा को नृत्योत्सव के रूप में मनाती है। इस दौरान पति-पत्नी हो या अन्य सभी लोग पारंपरिक परिधान पहनते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के गुजराती केडिया पहनकर सिर पर पगड़ी बांधते हैं। नवरात्र पर्व मां अंबे दुर्गा के प्रति श्रद्धा प्रकट करने तथा युवा दिलों में मौज-मस्ती के साथ गरबा-डांडिया खेलने और अपनी संस्कृति से जुड़ने का सुनहरा अवसर भी है। नवरात्र में माता का पंडाल सजाकर युवक-युवतियां पारंपरिक वस्त्र कुर्ता-धोती, कोटी, घाघरा (चणिया)-चोली, कांच और कौड़ियां जड़ी पोशाक पहन कर पारंपरिक नृत्य डांडिया और गरबे की रात आई, गरबे की रात आई..., सनेडो सवेडो लाल लाल सनेड,अंबा आवो तो रमीये गाते हुए गरबा खेलती है।

**अब पूरे देश में होने लगा है गरबा**

कुछ साल पहले तक गरबा केवल गुजरात व राजस्थान सहित उसके आसपास के जिलों तक ही सीमित था, लेकिन अब धीरे-धीरे पूरे देश में फैल चुका है। नवरात्र के दौरान डांडिया नृत्य और गरबा पूरे नौ दिनों तक प्रदर्शित किया जाता है। हालांकि आज भी गुजरात में खेला जाने वाला गरबा और डांडिया नृत्य दुनिया भर के बड़े नृत्य त्योहारों में से एक हैं। नवरात्र आयी नहीं की हर तरफ गरबा और डांडिया की धूम शुरू हो जाती है। क्या लड़के, क्या लड़कियां, क्या बच्चे और क्या बूढ़े... पारंपरिक अंदाज में सजे हर उम्र के लोग गरबा का जमकर लुत्फ उठाते हैं।

**स्वास्थ्य के लिहाज से भी उत्तम है गरबा**

चिकित्सकों की मानें तो आज के भाग-दौड़ भरी जिंदगी में जिनके पास कसरत का समय नहीं है उनके लिए माताजी की भक्ति के साथ-साथ गरबा खेल कर शरीर की केलोरी व्यय कर वजन घटाने का भी उचित अवसर है। बशर्ते गरबा खेलते वक्त डिहाइड्रेशन से बचने के लिए आहार को संतुलित मात्रा में लिया जाना चाहिए।

**डांडिया रास का भी है अपना महत्व**

गुजरात के कुछ हिस्सों एवं यूपी के मथुरा में नवरात्र के दौरान डांडिया-रास भी बेहद लोकप्रिय है। यह अधिकतर पुरुष (उमद विसा) द्वारा किया जाता है। आज इन नृत्यों के व्यावसायीकरण हो जाने के कारण इस नृत्य की वास्तविकता, पारंपरिकता और नाजुक लय, वैकल्पिक रूपों में खोती जा रही है। रास या रसिया बृजभूमि का लोकनृत्य है, जिसमें वसंतोत्सव, होली तथा राधा और कृष्ण की प्रेम कथा का वर्णन होता है। रास अनेक प्रकर का होता है। यह उस रात को शुरू होती है जब श्रीकृष्ण अपनी बॉसुरि बजाते है। उस रात श्रीकृष्ण अपनी गोपियों के साथ बॉसुरि बजाते है। यह नृत्य वृंदावन में अधिक देखने को मिलती है। डांडिया रास नृत्य के कई रूप हैं, लेकिन गुजरात में नवरात्रि के दौरान खासा लोकप्रिय है। इसमें केवल एक बड़ी छड़ी प्रयोग किया जाता है। रास लीला और डांडिया रास के समान हैं।

**धर्म-जाति का भेद नहीं होता**

जगह-जगह आयोजित समारोहों में जहां बड़ी संख्या में लोग गरबा, डांडिया खेलने एवं देखने के लिए आते हैं। वहीं इसकी खासियत है कि इसके लिए धर्म, जात एवं क्षेत्रीय भाव से ऊपर उठकर लोगों को खुले दिल से आमंत्रित किया जाता है। इस कारण इस त्योहार को अनेकता में एकता का प्रतीक भी माना जाता है। इसमें युवक-युवतियां एक दूसरे के करीब लाने में भी अहम भूमिका निभाते है। इस महोत्सव में हर उम्र वर्ग का व्यक्ति अपने भीतर के उल्लास एवं उमंग को बाहर निकालने का प्रयास करता है। बता दें कि गरबा और डांडिया दोनों डांस के दो फार्म्स हैं, जो गुजरात और मुख्यतः गुजरातियों से संबंधित है। इसके बावजूद अब ये दोनों डांस पूरे देशभर में प्रचलित और नवरात्र के दिनों में तो इनकी लोकप्रियता और भी ज्यादा बढ़ जाती है। देश के कोने-कोने में इस मौके पर लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर गरबा और डांडिया में भाग लेते हैं।

**गुजरात की पहचान बन चुकी है गरबा**

जैसे भांगड़ा को पंजाबियत के एक प्रतीक के तौर पर देखा जाने लगा है, उसी तरह गुजरात की पहचान के साथ गरबा भी कुछ वैसे ही हो चला है। भांगड़ा एवं गरबा को फिल्मों में भी जगह मिली है। कहा तो यह भी जाता है कि अब गांव कस्बों में भी डांडियां के परंपरागत गवैए नहीं मिल रहे। गरबा के आयोजनों में फिल्मी गीत या उन पर आधारित धुने बज रही हैं। कहीं कोई कलाकार आता है, सेलिब्रिटी आता है तो वह अपनी नई फिल्म के कुछ गीतों की पंक्तियां सुनाता है।

**संगीत से थिरक उठते है कदम**

ह्यघूमतो-घूमतो जाए, अंबो थारों गरबो रमतो जाए, पंखिंडा ओ पंखिडा... जैसे गीतों के बजते ही हर किसी के कदम थिरक जाते हैं। चारों ओर ढोलक की थाप और संगीत में गरबों का जो समां बंधता है, उसे कुछ घंटों क्या पूरी रात करने से भी मन नहीं भरता है। न सिर्फ गरबा करने वाले बल्कि देखने वालों की स्थिति भी यही होती है। जहां तक नवरात्र में ही गरबा या डांडिया करने की प्रथा का सवाल है तो इसके पीछे मान्यता है कि कुंभ हिंदू धर्म के सांस्कृतिक मानस में स्थूल देह का प्रतीक है। ह्यफूटा कुंभ जल जलहि समाना। अर्थात भक्त रुपी कुंभ एवं गुरु रुपी वह कुम्हार जो गढ़ि-गढ़ि काढ़े खोट.यानी अपने भीतर छिपे खोट को ढूढ़ निकाले। इसीलिए नवरात्रि के समय कुंभ के भीतर दीप रखकर उसके गिर्द गरबा करने का रिवाज है। क्योंकि दीपशिखा हमेशा ऊपर उठती है। जबकि चेतना का भी यही गुण धर्म है। देह के भीतर चेतना उर्ध्वगामी हो, वह मूलाधार में ही न रहे, सहस्नर तक पहुंचे, सारी सृष्टि को आत्मवत पहचाने! यही वजह है हर गरबा या डांडिया नाईट में काफी सजे हुए घट दिखायी देते हैं। जिस पर दिया जलाकर इस नृत्य का आरंभ किया जाता है। यह घट दीपगर्भ कहलाता है और दीपगर्भ ही गरबा कहलाता है। गरबों का प्रमुख आकर्षण होता है रंग-बिरंगी, चटकीली पोषाकों का। जिसे पहनकर हर कोई माता की भक्ति में रमा हुआ नजर आता है। साथ ही यह आज के युवा वर्ग द्वारा अपनी संस्कृति से जुड़ने का समय भी है।

**पहनावा**

नवरात्र के अवसरों पर डांडिया के दौरान पहना जाने वाला पोशाक स्टाइलिश के साथ आरामदायक भी होना चाहिए। इसके पीछे धारणा यह होती है कि आपकों गरबा करते समय कठिनाई ना महसूस हो, बेहिचक डांस कर सकें। ऐसे में लहंगा-चोली से बेहतरीन ऑप्शन भला क्या होगा। यह मौके के हिसाब से पारंपरिक भी है और आरामदायक भी। सबसे बड़ी बात की हेवी वर्क के बावजूद इसे कैरी करने में आपको कोई दिक्कत नहीं होगी।

साज-सज्जाः मौसम चाहे जितना बेहतर हो लेकिन भीड़-भाड़ और डांस के दौरान पसीना आना वाजिब है। ऐसे में मेकअप के दौरान बेस वाटरप्रूफ हो इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे पसीने होने पर मेकअप पर असर नहीं पड़ता। ग्लॉसी या न्यूड मेकअप अच्छा होता है। गुलाबी, पीच या ब्राउन ब्लशर खूब फबेगा। रात के समय ब्लशर थोड़ा डार्क रखें और इसे गालों से कनपट्टी तक ब्रश से लगाएं। ब्लशर आपके स्किन टोन के हिसाब से ही हो। लिपस्टिक के बजाय लिप पेंसिल लाइन के बाद लिपग्लॉस के इस्तेमाल से लुक अधिक ब्राइट दिखेगा। ट्रैडिशनल टच के लिए स्वरोस्की वाली पतली या छोटी बिंदी लगाएं।

**आंखों का मेकअप**

कोई भी मेकअप तब तक पूरा नहीं है जब तक आंखों के मेकअप को तरजीह न दी जाए। डांडिया नाइट पर खास लुक के लिए आंखों पर पर्पल, पिंक, ग्रीन, ब्लू या कॉपर शेड के आइशैडो ट्राइ कर सकती हैं जो पार्टी लुक केलिए परफेक्ट हैं। आइशैडो के शेड्स ड्रेस से मैच करता हो इसका ख्याल रखना होगा। आइब्रो के ठीक नीचे आप स्पार्कल्स भी लगा सकती हैं। इससे रात में मेकअप ब्राइट लगेगा। चाहें तो आंखों के नीचे कलरफुल लाइनर लगाकर स्मज करें, सिर्फ इतने से ही आपकी आंखें आकर्षक लगेंगी। लाइनर या काजल को बाहर की ओर निकालकर लगाने से भी आपका लुक चेंज हो जाएगा।

**फैंटेसी मेकअप**

आजकल बैकलेस, क्रॉसलेस या हाल्टर लुक वाली चोली का काफी चलन है। इसमें पीठ, गर्दन आदि का काफी एक्सपोज होता है। कुछ अलग दिखने की चाह है तो आप अपने बैक या गर्दन के खुले भाग पर फैंटेसी मेकअप भी करवा सकती हैं। इसमें मेंहदी, स्पार्कल्स और कई रंगों के प्रयोग से तरह-तरह की कलाकृतियां बनवा सकती हैं। सिके अलावा, चूडियों की जगह भी इनका प्रयोग आकर्षक लगेगा।

**हेयरस्टाइल**

आमतौर पर लड़कियां खुले बाल ज्यादा पसंद करती हैं पर आप अलग लुक के लिए अपनी हेयरस्टाइल के साथ थोड़े बदलाव जरूर करें। बालों के आगे भाग की कई चोटियां गुथ लें और पीछे से प्लेन चोटी या जूड़ा बनाएं या फिर आगे के बालों को कर्ल कराकर निकाल लें और पीछे चोटी रखें। चाहें तो चेटियों में मोती या स्वरोस्की वाले पिन क्लच करें। डांडिया नाइट पर यकीनन सिर्फ आप ही आप दिखेंगी।

**पारंपरिक पहनावा**

नौ दिनों की नवरात्रि त्योहार शुरू होते ही पूरे भारत में गरबा की धूम मच जाती है। परंपरागत परिधान पहने महिलाएं-पुरुष, युवा, बच्चे सभी गरबा करते दिखाई जाते है। शारदीय नवरात्रि में युवा मन सबसे ज्यादा प्रसंन नजर आता है। क्योंकि इस दौरान देवी पूजा के साथ-साथ गरबों के जरिए भक्ति की परंपरा हर कहीं झलकती है और साथ में दिखाई देती है पारंपरिक परिधानों की वह रौनक, जिसमें हर कोई खोया-खोया नजर आता है। डांडिया के दौरान पहना जाने वाला पोशाक स्टाइलिश के साथ आरामदायक भी होना चाहिए। इसके पीछे धारणा यह होती है कि आपकों गरबा करते समय कठिनाई ना महसूस हो, बेहिचक डांस कर सकें। ऐसे में लहंगा-चोली से बेहतरीन ऑप्शन भला क्या होगा। यह मौके के हिसाब से पारंपरिक भी है और आरामदायक भी। सबसे बड़ी बात की हैवी वर्क के बावजूद इसे कैरी करने में आपको कोई दिक्कत नहीं होगी।

**ज्वैलरी का विशेष ध्यान रखें**

गरबों में पारंपरिक परिधानों के साथ हैवी ज्वैलरी का कॉम्बिनेश नही ज्यादा बेस्ट होता है। हालांकि इसके लिए तैयारी थोड़ा दिन पहले से ही करनी होती है। क्योंकि ड्रेस के साथ सही मेकअप व ज्वैलरी ना होने से आपका पूरा गेटअप बिगाड़ सकता है। मगर ध्यान यह रखे कि ज्वैलरी लुक में हैवी होना चाहिए, वेट में नहीं। नही तो आपकी मूवमेंट बिगड़ सकती है। कोशिश करें कि पर्ल और स्टोन की ज्वैलरी ज्यादा प्रयोग करें। ये दिखने में हैवी होंगी लेकिन इन्हें आसानी से कैरी किया जा सकता है।

**पाश्चात्य संस्कृति की छाया**

बेशक, बदले परिवेश में नई संस्कृति और बाजार का कुछ असर गरबा उत्सव पर भी पड़ा है। कहीं देर रात चलने वाले इन गरबा उत्सवों को युवा अपनी स्वच्छंदता के तौर पर देखते है तो कहीं परंपरा का निवर्हन। लेकिन गरबा नृत्य गीत उत्सवों के पीछे एक गहरा पारंपरिक भाव है। यह मां अंबे की आराधना का उत्सव है। आज भी नवरात्र में गरबा हमारे जीवन का एक उल्लास बना है। कच्चे घड़े को फूल पत्तियों से सजाकर और दीप जलाकर लोग गरबा नृत्य गीतों करते हैं। गरबा नृत्यों में सौंदर्य और आभा है तो इसके परंपरागत गीत मन में समा जाते हैं। ताली, चुटकी, खंडरी, डांडियां मंजीरा ढोल के साथ गुजराती पारंपरिक पोशाक में युवक युवतियां झूम उठते हैं। मीठी लहक में कोई गा रहा होता है, ढोलीड़ा ढोल धीमो बगाड़। कहीं मधुर स्वर गूंजते हैं, पंखिड़ा तू उड़ न जावे माता के दरबार में। जहां तक डंडी के उपयोग का सवाल है तो कहते हैं हजारों साल पूर्व जब जंगल में बांस के पेड़ टकराते थे तो उनसे मीठी ध्वनि निकलती थी। इसी मीठी ध्वनि को सुन कर इन बांसों से डांडियां बनाए गए। समय के साथ गरबा के आयोजनों ने अपना स्वरूप बदला। यह सच है कि पहले यह केवल देवी की आराधना का ही प्रतीक था। लेकिन जैसे सारे उत्सव आयोजन बदले, गरबा डांडिया भी बदलने लगा। गरबा के लिए कीमती परिधान, ऊंचे पंडाल, सेलिब्रिटी ये सब बहुत जरूरी हो गया। रंगबिरंगी आतिशबाजी और लहराती रोशनी में उन चार दियों की लौ का पता ही नहीं चलता जिन्हें श्रद्धा से मां अंबे के आगे रखा जाता है। गुजरात की मीठी बोली में जो गरबा डांडिया गीत होते थे उनकी जगह फिल्मी पेरोडी भी सुनाई देने लगी। जो गरबा आंतरिक मन को संतोष देने के लिए था, वह टीवी में किसी फिल्मी आयोजन की तरह नजर आने लगा। गरबा डांडिया के आयोजनों में जो समरसता थी वह भी खत्म होती दिखने लगी है। सोसाइटियों के भी अपने अपने गरबा आयोजन होने लगे। कई जगह तो महंगे टिकट भी लगने लगे। अच्छा खासा व्यवसाय शुरू हो गया। मैं तो भूल चली बाबुल का देश जैसा गीत गरबा का प्रतीक गीत था। फिल्मों में आज के समय में गरबा के लिए ऐसी धुन नहीं बनती। आम तौर पर पुरुष और महिलाये रंगीन वेश-भूषा पहने हुए गरबा और डांडिया का प्रदर्शन करते हैं। लडकियां चनिया-चोली पहनती हैं और साथ मे विविध प्रकार के आभूषण पहनती हैं, तथा लडके गुजराती केडिया पहन कर सिर पर पगडी बांधते हैं। प्राचीन काल मे लोग गरबा करते समय सिर्फ दो ताली बजाते थे, लेकिन आज आधुनिक गरबा में नई तरह की शैलियों का उपयोग होता है, जिसमें नृत्यकार दो ताली, छः ताली, आठ ताली, दस ताली, बारह ताली, सोलह तालियां बजा कर खेलते हैं। गरबा नृत्य सिर्फ नवरात्री के त्योहार में ही नहीं अब शादी-ब्याह के मौकों व अन्य खुशी के अवसरों पर भी किया जाने लगा है।

# साहू तेली समाज वेलफेयर सेवा संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** साहू तेली समाज वेलफेयर सेवा संस्था महाराष्ट्र प्रदेश द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा रक्तदान शिबीर एवं फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया था. यह आयोजन 2 अक्टूबर दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डोंबिवली पूर्व राजाजी पथ के आदर्श विद्यालय में किया गया था. मानवता के इस महान कार्य मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे रक्तदान करने की अपील संस्था द्वारा की गई थी. सैकड़ों की संख्या में लोगों ने रक्तदान कर इस महारक्तदान शिविर को सफल बनाया व फ्री हेल्थ चेकअप का लाभ उठाया. इस मौके पर दोस्ताना जनसेवा ग्रुप, धडाकेबाज युवा प्रतीषठान, हिंदी भाषी जनता परिषद, भारतीय साहु तेली समाज, साहू सेवा संघ उल्लासनगर संस्था, राजाजी पथ गणेश मित्र मंडल डोबिवली, संकट मोचन हनुमान मंडल, साहु तेली वेलफेयर ट्रस्ट आदी संगठनो का सहकार्य प्राप्त हुआ. इस मौके पर मुख्य अतिथि पुर्व नगरसेवक मुकुंद ( विशू ) पेडणेकर, सा. ते. स. वे. ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहन गुप्ता, सचिव रतीलाल गुप्ता, भाजपा के तेजतर्रार सेंसर बोर्ड के सदस्य रामाकांत गुप्ता, म. प्र. तै. म. के भुषण चौधरी, शिवसेना पदाधिकारी सागर दुबे, अध्यक्ष :अशोक गुप्ता, शिवलाल साहु, संजीव गुप्ता, राजु प्रसाद गुप्ता, नीरज गुप्ता, साहेबलाल जी, अनिल जी,नरेंद्र तेली, मनोज जी, प्रीतेश जी, जयेश जी, सुनील जी, देवेंद्र जी, राजु जी , जियालाल जी,महिला अध्यक्ष मिना गुप्ता, संगीता जी, आरती जी, मुन्नी गुप्ता, रिना जी के साथ आदि संस्था के लोगो की मौजूदगी थी.

# विक्रम प्रताप सिंह ने माना मुख्यमंत्री तथा सरनाईक का आभार



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** उत्तन में प्रस्तावित कत्ल खाने को रद्द करने तथा वहां की 50 करोड़ की निधि को हिंदू हृदय सम्राट श्री बालासाहेब कला दालन में ट्रांसफर करने के आदेश के लिए शिवसेना 145, विधानसभा चुनाव प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक का मीरा भायंदर की जनता की तरफ से आभार मानते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जनमानस की भावनाओं को देखते हुए शिवसेना के पदाधिकारियों और विधायक प्रताप सरनाईक ने इसे तत्काल रद्द करने के लिए मुख्यमंत्री से अपील की। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने यहीं से गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की सार्वजनिक घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने यहां की धर्मशील जनता की भावनाओं को देखते हुए न सिर्फ कत्ल खाने का टेंडर रद्द किया अपितु उसकी 50 करोड़ की निधि को भी हिंदू हृदय सम्राट श्री बालासाहेब कला दालन की निधि में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से शहर के लोग पूरी तरह से संतुष्ट और खुश नजर आ रहे हैं।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ताइक्वांडो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** इंडस इंटरनेशनल स्कूल, शंकरपल्ले, हैदराबाद, आई.एस. एस ओ स्कूल में नेशनल तायक्वोंडो पूमसे और कुरोगी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भारत भर के लगभग 20-22 विभिन्न राज्यों के 200-250 एथलीटों ने भाग लिया, इसी तरह मुंबई में प्रसिद्ध सिद्धकला तायक्वोंडो अकादमी के एथलीटों ने अपने स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया और व्यक्तिगत पूमसे दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया स्वर्ण पदक विजेता जयवीर कोचर-धीरूभाई अंबानी स्कूल, कांस्य पदक विजेता दिवान मेहता-जमनाबाई नरसी इंटरनेशनल स्कूल, व्योम बंसल - जमनाबाई नरसी इंटरनेशनल स्कूल , जोडी पूमसे में जयवीर कोचर -, धीरूभाई अंबानी स्कूल , कुरोगी में आन्या भीमराजका - स्वर्ण पदक - बी. डी। सोमानी इंटरनेशनल स्कूल, पूर्वादित्य मंडवाड़ा - स्वर्ण पदक - छत्रभुज नरसी स्कूल, जयवीर कोचर - अर्ना राठी - कांस्य पदक - छत्रभुज नरसी स्कूल, करव परमार - कांस्य पदक - चतुर्भुज नरसी स्कूल शामिल थे और एथलीटों का प्रतिनिधित्व सिद्धकला तायक्वोंडो अकादमी के मुख्य कोच जयेश वेल्हल और उनके सह-कोच निशांत शिंदे, चंदन परिदा और यश दलवी ने किया था।

## आदि शक्ति मित्र मंडल द्वारा नवरात्रोत्सव में माता दर्शन व आरती में देवी भक्तों की भारी भीड़



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के नदी नाका शेलार स्थित आदि शक्ति मित्र मंडल पंडाल में दर्शनार्थियों की भारी भीड देखने को मिल रही है । बतादें कि आदि शक्ति मित्र मंडल पिछले 25 वर्षों से नवरात्रोत्सव के अवसर पर देवी की मूर्ति स्थापित कर माता रानी की 9 दिनों तक पूजा अर्चना करने के साथ भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं । वहीं माता रानी की पूजा अर्चना व आरती के लिये आस पास के नदी नाका , मीटपाडा , शेलार की महिलाओं बच्चों व पुरुष भारी संख्या में उपस्थित होकर माता रानी की सेवा व प्रसाद का लाभ उठाते हैं । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये मंडल के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रामसिंह यादव , कोषाध्यक्ष विन्दवासिनी गुप्ता , सचिव विजय सिंह आदि के साथ व्यवस्थापक मंडल के लक्ष्मीकांत पटेल , निखिल पुष्पाकर , नीरज यादव , परशुराम शर्मा , आकाश गुप्ता , दीपक यादव आदि लोगों का विशेष योगदान रहता है।

## शिवसेना शाखा प्रमुख मंगेश पाष्टे का जन्मदिन मनाया गया



**मीराभायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर काशीमीरा ढाचकुल पाड़ा में मंगेश पाष्टे का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर सोमवार शाम 7:00 बजे से उनके ऑफिस पर किया गया। जन्मदिन की बधाई देने वालों में शिवसेना के शहर प्रमुख प्रशांत सावंत, श्रेयस हड़कर शहर सचिव युवा सेवा, पत्रकार तारकेश्वर पांडे उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, पत्रकार गणेश ठिके, पत्रकार संजय मकवाना, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद डेरे, पत्रकार संभाजी चिटके, आबाजी सावंत, प्रवीण कामले, प्रमोद कुटाले, परशुराम फडवले, राहुल त्रिभुवन, शिवसेना शाखा प्रमुख राहुल पाटिल, विनोद पांडे इत्यादि भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं उनके चाहने वाले मित्र गणों ने उपस्थित होकर जन्मदिन की बधाई वो शुभकामनाएं दी।

## मीशो ने मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2024 के दौरान बिहार में ऐप डाउनलोड में 100% की वृद्धि देखी: मिलन परतानी

**मुंबई/पटना।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अत्यधिक अपेक्षित मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 27 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2024 के दौरान शानदार फेस्टिव सेल देखी।। कंपनी ने इस साल मांग में प्रभावशाली वृद्धि देखी, पिछले साल की तुलना में कुल ऑर्डर 40% से अधिक बढ़े। इसके अलावा सेल अवधि के दौरान 3 करोड़ से अधिक ऐप डाउनलोड किए गए। अपनी फेस्टिव शॉपिंग पर सर्वश्रेष्ठ डील का लाभ उठाने के लिए सेल के दौरान मीशो पर आने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है । अकेले बिहार में, पिछले साल से ऐप डाउनलोड में प्त100% की वृद्धि हुई है, जो इस क्षेत्र में मीशो की व्यापक अपील को दर्शाता है।

बिहार में खरीदारों द्वारा पसंद किए जाने वाले शीर्ष उत्पाद ब्लूटूथ हेडफोन और ईयरफोन, लहंगा चोली, स्मार्ट घड़ियां, वॉलपेपर, एक्सटेंशन बोर्ड, मोबाइल कवर और कॉटन बेडशीट थे। इस क्षेत्र में ऑर्डर और उपयोगकर्ताओं दोनों में 50% की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई, जो इस साल की बिक्री के दौरान ई-कॉमर्स के साथ बिहार के बढ़े हुए उत्साह और जुड़ाव को रेखांकित करता है।

## भारतरत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित हुए शिवपूजन पांडे



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कल शाम इस्कॉन ऑडिटोरियम जूहू में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों वरिष्ठ साहित्यकार शिवपूजन पांडे को शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक योगदान के लिए भारतरत्न डॉ.अंबेडकर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उनके अलावा फिल्म जगत से प्रख्यात वरिष्ठ अभिनेता प्रेम चोपड़ा, राजनीति के क्षेत्र में विधायक भारती लवेकर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर अनिल चौधरी, हास्य अभिनेता सुनील पाल समेत अनेक जानी-मानी हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

अंत में बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन कैलाश मासूम ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कल्याण सुपर लीग इंटर-स्कूल फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन, विधायक विश्वनाथ भोईर की संकल्पना

### 30 से अधिक स्कूलों की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण में पहली बार आयोजित कल्याण सुपर लीग इंटर-स्कूल फुटबॉल टूनामेंट का आज भव्य उद्घाटन किया गया। कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन शिवसेना जिला प्रमुख अरविंद मोरे सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता लालचौकी के पास क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के मैदान में शुरू हुई है और यह प्रतियोगिता युवा सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रभुनाथ भोईर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई है।बतादें कि टूनामेंट मंगलवार 8 अक्टूबर और बुधवार 9 अक्टूबर दो दिनों तक चलेगी, जिसमें कल्याण क्षेत्र के 30 से अधिक स्कूलों की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया है। साथ ही इस टूनामेंट के लिए दो ग्रुप बांटे गए हैं, 15 साल से कम और 17 साल से कम उम्र के। टूनामेंट का एक प्रदर्शनी मैच दो स्कूलों सेंट लॉरेंस और अचीवर्स के बीच खेला गया।इस मौके पर जिला प्रमुख अरविंद मोरे, विधायक विश्वनाथ भोईर, आयोजक व पूर्व नगरसेवक प्रभुनाथ भोईर, जयवंत भोईर, पूर्व परिवहन समिति सदस्य सुनील खारुक, विभाग प्रमुख रामदास कारभारी, डॉ.धीरज पाटिल के साथ विभाग प्रमुख राम तारे, अंकुश केने, युवा सेना उप-शहर प्रमुख मेघन सालपी, शाखा प्रमुख रोशन चौधरी, दिनेश शिंदे, तुकाराम टेमघरे, सतीश भोसले, रजनी भोईर, सुरेखा दिघे, भरत भोईर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुणे विद्या भवन स्कूल में ग्रंथमहोत्सव 2024 का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ग्रंथमहोत्सव 2024 मुंबई उत्तर विभाग के शिक्षा निरीक्षक और पुणे विद्यार्थी गृह के विद्या भवन द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इसमें तीन वार्ड एन, एम ईस्ट, एम वेस्ट वार्ड के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मराठी कॉलेज के सेवानिवृत्त उप प्रधानाचार्य गिरीश जोशी और अंग्रेजी में विशेषज्ञ गीतांजलि अंबुलकर थे। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा निरीक्षक बृहन्मुंबई उत्तर विभाग के शिक्षा निरीक्षक डॉ. मुस्ताक शेख , पुणे विद्यार्थी गृह के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र बो-हाडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उप शिक्षा निरीक्षक संतोष कठे, उप शिक्षा निरीक्षक गणेश खाड़े, दीपक दिनकर के साथ-साथ सभी मुख्य संयोजक, सह-संयोजक, सभी विषय साधन सेवी, सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह ग्रंथदिंडी से हुई। इसमें दिंडी बैंड टीम, लेजीम टीम, विभिन्न पारंपरिक वेशभूषा में छात्रों ने भाग लिया, इस दिंडी के माध्यम से मराठी भाषा पढ़ने के महत्व को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 मराठी विषय शिक्षकों ने लुप्त होती कलाओं, ओव्या, भरुड़ का प्रदर्शन करते हुए रचित कविताएं प्रस्तुत कीं। उक्त पुस्तक महोत्सव में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन 110 विद्यालयों के लगभग 3500 छात्र-छात्राओं एवं 300 शिक्षकों एवं अभिभावकों ने किया। विभिन्न प्रकाशनों की पुस्तकें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक खरीदीं।

उपस्थित महानुभावों ने विश्वास व्यक्त किया कि पुस्तक मेले से निश्चित ही पढ़ने की संस्कृति बढ़ेगी। कार्यक्रम की योजना विद्या भवन परिसर के योगिनी पोतदार और सुनील पाटिल और उप प्राचार्य, सभी शिक्षकों और एन विभाग के मुख्य संयोजक संतोष भारमल सर के सहयोग और मार्गदर्शन से बनाई गई थी। इस प्रकार एक भव्य पुस्तक महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ।

# पालघर शिवसेना शिंदे गुट में बड़ी संख्या में लोगों ने किया प्रवेश



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना प्रमुख नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर विश्वास करते हुए पालघर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। लगातार लोगों के शिवसेना पार्टी में प्रवेश से पालघर विधानसभा का माहौल बदल रहा है।

पालघर जिला सम्पर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख कुन्दन संखे, शिव सेना उपनेत्री ज्योति मेहेर, जिला संघटिका वैदेही वाढाण, तहसील प्रमुख संजय चौधरी की उपस्थिति में सातपाटी गांव के सैकड़ों सामाजिक कार्यकताओं ने प्रवेश किया। इस मौके पर कार्यकताओं ने कहा कि हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की जनोन्मुखी कार्यशैली से अभिभूत हैं और आगे से हम शिवसेना के माध्यम से शिवसेना को घर-घर में पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उक्त पार्टी प्रवेश कार्यक्रम के दौरान शिवसेना के पूर्व उप नगराध्यक्ष उत्तम घरत, शिवसेना पालघर शहर प्रमुख राहुल घरत, शिवसेना शहर महिला संघटिका सविता मल्ला, पूर्व नगरसेवक मनोहर संखे, चंद्रशेखर वडे, शहर सचिव नरेश पाटील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सातपाटी गांव के शाखा प्रमुख पद पर हीलेन चौधरी, विभाग संयोजिका पद पर जयश्री माली एवं उप शाखा प्रमुख पद पर उत्तम धनु, योगेश तरे, अभिषेक तांडेल, धीरेंद्र पागधरे, राजेश दत्तराम चौधरी, नयन माली को नियुक्त किया गया।

## देवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित नवरात्रोत्सव में पहुंचकर पत्रकारों ने माता के दरबार में लगाई हाजिरी



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** आश्विन मास शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा तिथि पर जगत जननी मां अम्बा देवी का जगह-जगह बने भव्य पंडालों में आगमन हो चुका है। वहीं गुजरात प्रदेश व महाराष्ट्र प्रदेश में जगह-जगह पर नवरात्रोत्सव के मौके पर गरबा, डांडिया कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस शारदीय नवरात्रि पर्व के मौके पर देवा फाउंडेशन की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत बंजार पाड़ा में स्थित देवा फाउंडेशन की जिला अध्यक्षा सपना प्रभु के निवास स्थान के पास बने भव्य पंडाल में भी अश्विन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर जगत जननी मां अम्बे जी के आगमन हुआ है। जहां प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ के बीच मां अम्बे जी की पूजन अर्चन करते हुए सामूहिक महाआरती किया जाता है। देवा फाउंडेशन की जिला अध्यक्षा सपना प्रभु के बुलावे पर बोईसर-पालघर पत्रकार संघ (राजि) के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, उपाध्यक्ष भूपनारायण शुक्ला, सहसचिव दीपक निराला व अजीत सिंह, संपादक प्रमोद तिवारी व दुर्गेश पाठक, समाजसेवी हिम्मत जैन, समाजसेविका संगीता जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मां अम्बे जी के दरबार में हाजिरी लगाते हुए मां अम्बे जी का पूजन अर्चन करने के पश्चात सामुहिक आरती की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानिक पुरुष, महिलाएं व बच्चे भी मां अम्बे जी की महाआरती में शामिल रहे। देवा फाउंडेशन की ओर से सभी उपस्थित जनों में महाप्रसाद रूपी लड्डू का वितरण किया गया। इस नवरात्रोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के प्रति देवा फाउंडेशन की जिला अध्यक्षा सपना प्रभु ने आभार व्यक्त किया।

# अमृत जलपूर्ती योजना का विधायक राजू पाटिल ने किया निरीक्षण

### पानी किल्लत से जल्द मिलेगी राहत



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण ग्रामीण में कई जगहों पर अमृत जलापूर्ति योजना चल रही है. लेकिन इस कार्य में देरी के कारण नागरिकों को पानी की विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है. मनसे विधायक राजू पाटिल ने योजना के काम पर सवाल उठाते हुवे कहा कि इस काम को तेज गति से किया जाए.

बुधवार को विधायक राजू पाटिल ने अधिकारियों के साथ काम का निरीक्षण करते हुवे कहा कि परियोजना धीमी गति से चल रही है. विधायक राजू पाटिल ने विश्वास जताया है कि यह योजना अप्रैल के अंत तक लागू हो जायेगी. अमृत योजना बिना डीपीआर तैयार किए टेंडरिंग की गई, टैंक का स्थान निर्धारित नहीं था. अब यह सब तय हो गया. इसमें कई समस्याएं पैदा हुईं लेकिन अब काम शुरू हो गया. काम संतोषजनक नजर आ रहा है. अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों के निरीक्षण दौरे के दौरान मनसे विधायक राजू पाटिल ने कहा है कि अमृत योजना को जल्द ही लागू किया जाएगा जिससे 27 गांव के लोगो की पानी समस्या दूर होगी.

## न्यूगो ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐतिहासिक इलेक्ट्रिक बस यात्रा को किया रवाना

**मुंबई।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक बस ब्रांड न्यूगो ने कश्मीर से कन्याकुमारी (ई-के2के) तक इलेक्ट्रिक बस यात्रा अभियान की आधिकारिक शुरूआत की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक सफर देश में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और इस यात्रा के साथ न्यूगो दुनिया का पहला इलेक्ट्रिक बस ब्रांड बनने जा रहा है, जो 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा।

इस यात्रा के दौरान, बस 3,500 फीट की ऊंचाई से लेकर समुद्र तट तक 200 से अधिक शहरों और कस्बों से गुजरेगी, जिससे यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय स्थिरता का संदेश फैलाएगी। इस अभियान में जयपुर, हैदराबाद, भोपाल और बैंगलोर जैसे शहरों में छात्रों के लिए वर्कशॉप, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता पहलों और सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों जैसी कई गतिविधियाँ भी शामिल होंगी। यह यात्रा ई-बस जो अच्छा करती है के सिद्धांत को सही मायनों में अपनाएगी। जम्मू में 4 अक्टूबर को इस यात्रा की शुरूआत जम्मू स्मार्ट सिटी के सीईओ और जेएमसी के कमिश्नर डॉ. देवांश यादव ने की।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घरटनपाडा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाउस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# विवेक यादव का पहले किया गया था अपहरण 36 घंटे बाद मिला शव

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर (मंगरमु) गांव के एक युवक को चार माह पूर्व हुए आपसी विवाद के चलते बदमाशो ने अपहरण कर मौत के घाट उतार दिया। विवेक यादव पुत्र श्री शंकर यादव उम्र 27 वर्ष को रविवार की रात लगभग 09:00 बजे जमुनीपुर गेट के पास बदमाशो ने मारा पीटा और अपने साथ उठा ले गए।दो दिन बाद विवेक की लाश सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर ठकुराइन क तारा के पास पाई गई।जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में ले लिया।मृतक के साथ मौजूद घटना के समय उसके साथी मोहन यादव (लालू) ने बताया की पड़ोस गांव गहिली कठरवा गांव के राजू यादव (बल्ली) की फास्ट फूड दुकान निगोह बाजार में स्थित है। उसी से तीन माह पहले मामूली बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जो की रविवार देर शाम लगभग 08:00 बजे विवेक और उसका दोस्त

◆ **परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल**

जमुनीपुर गेट के बगल खड़े होकर सिगरेट लेने के लिए रुके उस समय उस गुमटी में सिगरेट न होने के कारण मोहन बगल की दुकान से लाने चला गया। तभी बल्ली वहा विवेक के पास आ गया और अपने उधार का पैसा मांगने लगा तो विवेक ने कहा मैंने खाने के लिए आर्डर नही दिया था। जिस बात को लेकर दोनो में गाली गलौज शुरू हो गई। तभी राजू उर्फ बल्ली ने अपने गांव के




लड़को को फोन कर मौके पे बुला लिया और विवेक को वो मारने पीटने लगे और उसे अपनी मोटरसाइकल पर बैठा लिया। मोहन ने विवेक को बचाने के लिए गाड़ी की चाभी निकाली तो उसे भी बदमाशो ने मारा पीटा मोहन जान बचा कर बगल के हरिजन बस्ती में भाग निकला। शोर होते ही वहा की महिलाए बाहर निकली तब तक वो लोग विवेक को लेकर जा चुके थे।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की नियत से उठा ले जाने की धारा में मुकदमा दूसरे दिन पंजीकृत कर आरोपियों और मृतक की तलाश में जुट गई लेकिन घटने के तीसरे दिन विवेक का शव सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर में पाया गया। वहां की पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# सांसद संजय सिंह के ऐतिहासिक सभा ने पूर्व में ही संकेत दे दिया था, कि 'डोडा' जीत रहें हैं हमः डॉ.अनुराग मिश्रा

## डोडा, जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी के महराज मलिक की शानदार जीत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। डोडा, जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी के महराज मलिक की शानदार जीत की सूचना पाते हैं आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इसी सन्दर्भ में आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकताओं ने अलगझअलग जगहों पर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। उक्त जानकारी पार्टी के निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया। इस अवसर पर पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने कहा की आम आदमी पार्टी लगातार अपना विस्तार कर रही है चुनाव के दौरान सांसद संजय सिंह जी के चुनावी सभा में डोडा में लाखों की भीड़ में महराज मलिक के जीत का संकेत पहले ही दे दिया था जिस पर आज परिणामों ने मोहर लगा दी। जिलाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व को पूरे देश में लोग पसंद कर रहे हैं।जम्मू कश्मीर भारत का शीश है



वहां पर आम आदमी पार्टी का खाता खुलना इस बात का संकेत है।कि आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का पूरे देश में परचम लहराएगा। जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि यह हम सभी कार्यकताओं के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि अब जम्मू कश्मीर में भी आप पार्टी ने खाता खोल लिया है। जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी बनेगी। निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी आप पार्टी ने जीत हासिल कर के यह साबित कर दिया कि आम आदमी पार्टी देश की पहली सबसे तेजी से उभरती हुई लोकप्रिय राजनीतिक पार्टी है। जिला सचिव सुभाष मौर्य ने कहा कि यह हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व की बात है कि आप पार्टी देश के एक और राज्य में खाता खोल ली है। जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्रा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आप प्रत्याशी के जीतने से यह पता चलता है कि देश में पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आप पार्टी के प्रत्याशी के शानदार जीत से पता चलता है कि देश की जनता को केजरीवाल की गारंटी पर विश्वास है।

# समाजवादी कुटिया के गोद लिये पहलवान अनुभव ने लहराया परचम

## 68वीं राज्यस्तरीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में पाया दूसरा स्थानः ऋषि यादव

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। समाजवादी कुटिया के संस्थापक/ संचालक ऋषि चन्द्र यादव एडवोकेट द्वारा गोद लिये पहलवान अनुभव चौहान ने 68वीं राज्यस्तरीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में परचम लहराते हुये समाजवादी कुटिया सहित पूरे जौनपुर का नाम रोशन कर दिया। इसकी जानकारी होने पर ऋषि चन्द्र यादव सहित कुटिया से जुड़े लोगों ने जहां अनुभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं अनुभव के घर सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी।



बता दें कि पहलवान अनुभव चौहान जनपद के हनुआडीह गांव निवासी कल्पनाथ चौहान का पुत्र है जो काफी प्रतिभावान है। उसकी प्रतिभा को देखते हुये समाजवादी कुटिया के संस्थापक/संचालक ऋषि चन्द्र यादव एडवोकेट ने उसे गोद ले लिया। साथ ही उसका प्रवेश मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स कालेज सैफई में करा दिया जहां से गुरू कमलेश यादव से प्रशिक्षण लेते हुये अनुभव ने गोरखपुर में आयोजित उपरोक्त प्रतियोगिता के 44 किलो भार वर्ग (बालक अण्डर—14) में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इस बाबत पूछे जाने पर अनुभव ने बताया कि वह एक दिन पूरे देश में जौनपुर सहित समाजवादी कुटिया का नाम रोशन करना चाहता है। वहीं गुरू कमलेश यादव ने बताया कि मैं मूल रूप से जौनपुर के धमार्पुर का निवासी हूं। जौनपुर के अनुभव ने जनपद एवं समाजवादी कुटिया सहित मेरा सीना भी चौड़ा कर दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुये समाजवादी कुटिया के संस्थापक/ संचालक ऋषि चन्द्र यादव ने कहा कि अनुभव के अन्दर प्रतिभा की कमी नहीं है। वह जब तक खेलना चाहता है। समाजवादी कुटिया परिवार उसके साथ तन, मन एवं धन से खड़ा है।

# लायंस क्लब रॉयल ने दिव्यांग बच्चों के बीच सेवा और स्नेह का संदेश फैलाया

## दिव्यांग बच्चों में विशेष गुणः धीरज

अभिताश गुप्ता संवाददाता नगर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। लायंस सेवा सप्ताह के अंतिम दिन, लायंस क्लब जौनपुर रॉयल ने रचना विशेष विद्यालय, रासमंडल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।जहां दिव्यांग बच्चों के बीच फल एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321ई के जोन चेयरपर्सन लायन धीरज गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी समाज के अभिन्न अंग हैं। उनमें ईश्वर ने कुछ विशेष गुण दिए हैं।जो उन्हें अलग बनाते हैं उन्होंने क्लब के इस प्रयास की सराहना की और इसे समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बताया। क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी उतने ही प्रेम और स्नेह के अधिकारी हैं जितने कि अन्य बच्चे। उन्होंने कहा कि समाज को इन बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक संजीव साहू ने कहा कि इन बच्चों के साथ समय बिताना उनके लिए एक सुखद और आत्मिक अनुभव था।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सेब, केला, फ्रूटी, टॉफी, बिस्कुट, नमकीन, और चिप्स के पैकेट वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि धीरज गुप्ता का स्वागत क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर और संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने अंगवस्त्रम और माल्यार्पण के साथ किया। क्लब सचिव अजय सोनकर ने बच्चों के साथ शारीरिक मनोरंजन की गतिविधियां कराया जिससे बच्चों ने बहुत आनंद महसूस किया। क्लब की प्रथम महिला रेनू बैंकर ने भी बच्चों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष राजेश किशोर श्रीवास्तव, संस्थापक सचिव रशाल बरनवाल, ऋषि श्रीवास्तव, राजेंद्र स्वर्णकार, रवि शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजीव साहू ने अंत में सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।




# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।



जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग आपसी समन्वय और सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाएं। सभी के सहयोग से आगामी त्यौहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा.। इस दौरान जिलाधिकारी ने शान्ति समिति के सदस्यों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितने भी धार्मिक स्थल है वहां समुचित प्रकाश, पेयजल और साफ सफाई की उचित व्यवस्था रहे। उन्होने जमदग्निपुरम आश्रम में खराब लाइट सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर विद्युत, सीवर आदि से संबंधित समस्याओं के संदर्भ में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इस पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंडालों में सीसीटीवी हमेशा सक्रिय रहें और डीजे निर्धारित डेजीबल से अधिक पर न बजाये जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग की तरफ से सभी प्रकार की महत्वपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। पर्याप्त संख्या में पुरूष और महिला सिपाही तैनात किये गये है।सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों की सूचना अवश्य दें जिससे उस पर कठोर कार्यवाही की जा सकें। किसी भी धार्मिक महत्व के स्थान पर भड़काऊ पोस्टर चस्पा नही होने चाहिए। इसके लिए डिजिटल वालंटियर की टीम बनाई गई है।जिसके सदस्य भ्रामक खबरों पर निगरानी रखने के साथ ही संदिग्ध लोग, स्थल आदि के मामले से पुलिस विभाग को अवगत कराएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी को आश्वस्त कराया कि शांति व्यवस्था बनायी रखी जाएगी। कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह सहित शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पाराकमाल गाँव में सजा है भव्य दुर्गा पूजा पंडाल

## भारी संख्या मे भक्त पहुंच कर ग्रहण करते हैं माता का प्रसाद

खेतासराय जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा पण्डाल सिर्फ नगरों और शहरों में ही नहीं बल्कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में सजाकर पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के पाराकमाल गाँव में नंदलाल राजभर की अध्यक्षता में आदर्श दुर्गा पूजा समिति के नाम से भव्य दुर्गा पूजा पंडाल लगाया गया है। जहाँ पर सुबह-शाम पूजा-आरती की जा रही है। पंडाल के अध्यक्ष नंदलाल राजभर ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन विधि-विधान से माँ दुर्गा की प्रतिमा के स्थापना की जाती है। जहाँ सुबह-शाम पूजा आरती की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरती या पूजा के समय होते ही ग्रामीण क्षेत्र की महिला, पुरुष बच्चे इकट्ठा हो जाते है। जहाँ गीत, भजन कर आरती की जाती है इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। यह नित्य नवरात्रि भर किया जाएगा। यह पंडाल कई वर्षों से निर्बाध गति से सजता चला आ रहा है मंगलवार की शाम जिला पंचायत शोले राजभर ने उक्त पंडाल पर पहुँचकर भव्य आरती किया। इसके पहले पंडाल समिति के लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कमलेश राजभर, सुरेन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार, कन्हैयालाल, सीता राम, नरेश, राजीव, उदयभान, सौरभ, उमेश राजभर, कपिल देव राजभर, विकास राज, राकेश, विनोद कुमार, रामतीर्थ, पप्पू, जितेन्द्र कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में महाकुंभ प्रयागराज की तैयारी को लेकर बैठक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में महाकुंभ प्रयागराज की तैयारी को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी महाकुंभ प्रयागराज 2024-25 के दृष्टिगत जनपद के संबंधित यातायात प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने बाईपास निर्माण, यातायात प्रबंधन, मुंगराबादशाहपुर रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक सड़कों के मरम्मत, डिवाइडर निर्माण, सीसीटीवी की व्यवस्था, मछलीशहर से भदोही के रोड के मरम्मत, पैचिंग आदि के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई प्रयागराज के पीडी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयबर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इस बार काशी के अस्सी घाट पर होगा गंगा महोत्सव, कैलाश खेर और शिवमणि बिखेरेंगे सूरों का जलवा

डॉ.एस.के.मिश्र संवाददाता

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।काशी की सुप्रसिद्ध देव दीपावली के मद्देनजर राजघाट पर होने वाला गंगा महोत्सव इस बार अस्सी घाट पर होगा। पर्यटन विभाग की ओर से इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। गंगा महोत्सव में इस बार सिंगर कैलाश खेर और ड्रमर शिवमणि की खास प्रस्तुति होगी। उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत ने बताया कि गंगा महोत्सव का मुख्य आयोजन अस्सी घाट पर होगा। इसमें शामिल होने वाले कलाकारों की सूची जल्द फाइनल कर ली जाएगी। इस बार देव दीपावली पर 12 लाख दीये जलाए जाएंगे। शहर के प्रमुख चौराहों के अलावा सार्वजनिक भवनों को झालर से सजाने की तैयारी की गई है। देव दीपावली के एक दिन पहले दीये और बाती बांट दिए जाएंगे।गंगा पार रेती पर होगी ग्रीन आतिश बाजी देव दीपावली पर गंगा के उस पार करीब 12 मिनट तक ग्रीन आतिशबाजी होगी। इसके लिए मुंबई से कलाकार बुलाए जाएंगे। पर्यटन विभाग की ओर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बार आयोजन को भव्य बनाने के लिए एक माह पहले ही तैयारी शुरू कर दी गई है। गंगा द्वार पर लाइट एंड साउंड शो भी होगा।



# दशहरे में बरेका में जलेगा 75 फीट का रावण का पुतला

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए 4 पीढ़ियों से मुस्लिम परिवार पुतला तैयार करते हुए निभा रहे हैं परंपरा

डॉ.एस.के.मिश्र संवाददाता

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक महापर्व दशहरा 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर काशी में तैयारियां जोरों पर हैं। बरेका में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन पुतलों को बनाने का कार्य शमशाद का परिवार कर रहा है। जो चार पीढ़ियों से दशहरे के पुतले तैयार करने की परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। शमशाद और उनका परिवार दशहरा से पहले इस काम में जुट जाता है। इस बार वे पूर्वांचल का सबसे बड़ा, 75 फीट ऊंचा रावण का पुतला तैयार कर रहे हैं। रावण के साथ कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले भी बनाए जा रहे हैं। इस कार्य में उनके परिवार के 12 सदस्य, जिसमें बेटे, भाई और महिलाएं शामिल हैं। दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। शमशाद ने बताया कि इस परंपरा की शुरूआत उनके नाना ने की थी। उनका परिवार आज भी इसे निभा रहा है। डेढ़ महीने पहले से ही परिवार इस काम में जुट जाता है। ताकि दशहरे के दिन रावण का पुतला तैयार हो सके। खास बात यह है कि शमशाद का परिवार वाराणसी में प्रमुख स्थानों पर जलाए जाने वाले सभी रावण के पुतलों को तैयार करता है। इनमें बीएलडब्ल्यू के रामलीला मैदान, रामनगर, लंका, मलदहिया, और फुलवरिया जैसे स्थान शामिल हैं। शमशाद और उनके परिवार द्वारा तैयार किए गए पुतले दशहरे के उत्सव में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हैं। जो काशी की विविधता और सांस्कृतिक समन्वय को दशार्ते हैं।



# बकरा चोरी का विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला, वृद्ध गंभीर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत कोतावली के सरकी चैकी क्षेत्र के अंतर्गत अमिहित गांव में बोलेरो सवार चोरों का बकरा चोरी करने का विडियो सीसी टीवी फुटेज कैमरे में कैद हो गया। विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वॉयरल हो रहा। बताया गया कि 62 वर्षीय नेक सरोज अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गए।

मंगलवार की रात को हौसला बुलंद बोलेरो सवार चोर घर पर धमक पड़े और घर में बांधी गई तीन बकरी को चोरी कर लिया और बकरे को पकड़ने गये तो पास में ही सोए नेकू सरोज की नींद खुल गई और वृद्ध जब बकरा चोरी करने का विरोध करने लगे तो चोरों ने उनके जबड़े पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद चोर बोलेरो में बकरी लेकर भाग निकले। वही चोरों के चोरी करने की करतूत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका विडियो फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वॉयरल हो रहा है। घटना की जानकारी घायल वृद्ध के परिजनों को जब तक होती तब तक चोर भाग गए। घायल वृद्ध को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल वृद्ध का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देख बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों से ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही हैं।

# सिरकोनी के परिषदीय विद्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भूमि पूजन

## शिक्षिका प्रतिमा मिश्रा की मुहिम लायी रंग, अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनने को है तैयार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। विकासखंड सिरकोनी के परिषदीय विद्यालय ग्यासपुर मे शिक्षिका प्रतिमा मिश्रा की मुहिम रंग लायी और जन सहयोग के माध्यम से वहां पर



अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनने को तैयार है। विद्यालय के प्रांगण में कक्ष के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एंव खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आज भूमि पूजन हुआ। जहां पर सिरकोनी विकासखंड के समस्त एआरपी मौजूद रहें। समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न हुआ। विद्यालय मे कुल 4 कक्षा कक्ष है एवं एक कक्षा के बच्चे विपरित मौसम मे भी बरामदे मे बैठकर पढ़ने को मजबूर थे। विद्यालय परिवार के सहयोग एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन मे सहायक अध्यापिका प्रतिमा मिश्रा ने नया कक्षा बनवाने का संकल्प लिया।जिसमें जन समुदाय, जन प्रतिनिधियों एवं उच्च वर्ग के लोगों से मदद की मांग की।

कार्यक्रम के समापन मे बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल जी द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित करवाया गया। प्रतिमा मिश्रा की योजना खुशी हो या गम एक वृक्ष लगाए हम के तहत 3 पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.गोरखनाथ पटेल खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश सिंह, विन्ध्यवासिनी उपाध्याय, अशोक राजभर, संजय सिंह, सुनील सिंह, पंकज यादव, राम आधार यादव, कृति गौतम, विनोद सिंह, जया भारती, कुलदीप, प्रतिमा मिश्रा, सजल कुमार यादव, बंशीधर एंव अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

# थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी करने के मामले में 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी करने के मामले में 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,चोरी का एक स्टेप्लाइजर बरामद।डा0 अजय पाल,पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर व उ0नि0 कमलेश कुमार मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सुजानगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 351/2024 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना सुजानगंज जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्तगण, सुरज पटेल पुत्र दयाराम पटेल ग्राम मया थाना सुजानगंज जौनपुर, दुर्गेश गौतम पुत्र राकेश गौतम



ग्राम मया थाना सुजानगंज जौनपुर को दिनांक 08.10.2024 समय करीब 04.47 बजे को ग्राम मया जलकल जीवन मीशन के पास से गिरफ्तार किया गया।तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक स्टेप्लाइजर बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# हरियाणा की लगातार तीसरी जीत पर भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर हरियाणा मे लगातार तीसरी जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाका फोड़कर मनाया जश्न इस खुशी के अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि यह जीत हरियाणा के जनता की जीत है।उन्होंने कहा कि जो लोग सोचते थे कि मोदी का जादू खत्म हो गया है। उनके लिए यह करारा तमाचा है। लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद भी कुछ सीटें कम आ जाने से विपक्षी दल भाजपा की कम हुई सीटों की संख्या को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से जोड़कर देख रहे थे वे कहने लगे थे कि अब मोदी ब्रांड का तिलस्म टूट गया है।लेकिन हरियाणा में बड़ी जीत ने साबित कर दिया है कि मोदी का करिश्मा जारी है। यह जीत मोदी ब्रांड को मिली बूस्टर डोज की तरह है जिसका करिश्मा महाराष्ट्र और झारखंड में भी दिखाई पड़ेगा। विरोधी खेमा मजबूत होकर प्रधानमंत्री पर हमला करने लगा था। यदि हरियाणा में भी भाजपा को बड़ी हार का



सामना करना पड़ता तो इससे मोदी पर राजनीतिक हमलों की बाढ़ आ जाती विपक्ष इसे मोदी युग की समाप्ति के तौर पर ही पेश कर देता लेकिन हरियाणा में मिली जीत ने सीधे तौर पर मोदी को और ज्यादा मजबूत कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इन चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि इस देश में आज भी सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। विपक्ष के जिन लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पर सवाल उठाए थे, आज वे मीडिया के सामने बोलने तक के लिए सामने नहीं आ पा रहे हैं।

